तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 27 नवम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

3 राशि के अभाव में अटका एसजीजीयू के महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## शीत लहर ने बढ़ाई कंपकंपी, सरगुजा बना छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक ठण्डा इलाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- उत्तर की हवाओं के प्रभाव से लगातार गिर रहा पारा
- दो दिन बाद नमी बढ़ने से मिलेगी कुछ राहत

तीन दिन की राहत के बाद हिमाचल की सर्द हवाओं ने एक बार फिर कंपकपाना शुरू कर दिया है। पूर्व में खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण भूमध्य सागरीय प्रायदीप के क्षेत्र में सुष्टप अवदाब बनकर दक्षिण भारत के राज्यों को भिगो रहा है। अण्डमान सागर में सक्रिय लो-प्रेशर भी अब तूफान का रूप ले लिया है लेकिन सरगुजा पर इसका विशेष प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

इस बार नवम्बर मध्य से ही शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठण्ड पड़ रही है। खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से हवा की दिशा बदल कर दक्षिण एवं पूर्व हो गई थी जिससे शीतलहर से राहत मिल गई थी तथा न्यूनतम पारा 10.0 के आसपास पहुंच गया था। चक्रवाती परिसंचरण के भूमध्य सागरीय प्रायदीप क्षेत्र की ओर अग्रसर होने के बाद एक बार फिर हवा की दिशा बदल कर उत्तर-पश्चिमोत्तरी हो गई है। हवा की दिशा बदलने के बाद पिछले तीन दिनों से उत्तर एवं पश्चिमोत्तर की हवाएं हिमालय के बर्फ एवं राजस्थान के रेगिस्तान की ठण्डक लेकर पहुंच रही हैं जिससे रात के तापमान में लगातार गिरावट हो रही है तथा बुधवार को तापमान सामान्य 4.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने के कारण एक बार फिर सरगुजा छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक ठण्डा



इलाका बन गया है। मौसम कार्यालय द्वारा बुधवार को न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। तीन दिनों के भीतर तापमान में लगभग 3.0 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। सर्द हवाओं के प्रवाह को देखते हुए मौसम विज्ञानी पारा में और अधिक गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। सर्द हवाओं के प्रभाव से पठारी एवं मैदानी इलाकों का ठण्ड से बुराहाल है। पठारी क्षेत्र मैनपाट एंव सामरीपाट का पारा 5.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। हालत यह है कि शाम 3 बजते ही ठण्ड अपना असर दिखाना शुरू कर दी है।

### तूफान का नहीं पड़ेगा असर

मौसम विज्ञानियों के अनुसार खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण अब सुष्पष्ट अवदाब में बदल गया है तथा भूमध्य सागरीय प्रायदीप क्षेत्र में प्रभावी है। सुष्टप अवदाब का असर केरल एवं तमिलनाडु को प्रभावित कर रहा है। इधर अंडमान सागर में सक्रिय लो-प्रेशर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। पूर्व में चक्रवाती तूफान के खाड़ी क्षेत्र में अग्रसर होने, देश के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करने का अनुमान लगाया जा रहा था। राहत की बात है कि चक्रवाती तूफान सेन्यार अब अण्डमान दीप से टकराकर कमजोर पड़ जाएगा। तूफान का प्रभाव तमिलनाडु से सटे समुद्री इलाकों में प्रभावी होने एवं सरगुजा तक इसका प्रभाव नहीं पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### पड़ेगी कड़ाके की ठण्ड

हर साल दिसम्बर एवं जनवरी के महीने में कड़ाके की ठण्ड पड़ती है तथा पारा न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। फिलहाल कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है जिसके कारण दिसम्बर में भी कड़ाके की ठण्ड पड़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम अधिकारियों के अनुसार तूफान के प्रभाव से 28 नवम्बर से एक बार फिर वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण तापमान 2.0 डिग्री तक वृद्धि होने एवं 2-3 दिन बार फिर से कड़ाके की ठण्ड पड़ने की संभावना जताई जा रही है। वातवरण में नमी की मात्रा बढ़ने के बावजूद ठण्ड से बहुत राहत मिलने की संभावना नहीं है।

### मैनपाट पहुंचने लगे पर्यटक

ठण्ड बढ़ने के साथ ही छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में दूर-दूर के पर्यटकों का आवागमन शुरू हो जाता है। पूर्व में दिसम्बर में अधिक ठण्ड पड़ने पर दूर-दूर के पर्यटक पहुंचते थे। इस बार एक सप्ताह पूर्व से ही मैनपाट में पर्यटकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है तथा पर्यटन विभाग के दोनों मोटल पिछले एक सप्ताह से आगामी दिनों तक के लिए फुल है।

## खबर संक्षेप

### संत वारण तारण जयंती पर मांस विक्रय एवं पशु वध प्रतिबंधित

**अम्बिकापुर।** नगर पालिक निगम ने स्थानीय शासन विभाग के आदेश के अनुपालन में 27 नवम्बर को शहर में मांस, मछली एवं सभी प्रकार के पशु वध और विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी की है। जारी सूचना के अनुसार स्थानीय शासन विभाग द्वारा निर्धारित 19 विशिष्ट अवसरों पर पशुबध गृहों को बंद रखने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में आगामी संत वारण तारण जयंती के अवसर पर कार्यालय कलेक्टर, सरगुजा के निर्देशों के पालन में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत किसी भी प्रकार का पशु वध तथा मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा-मुर्गी का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। नगर निगम प्रशासन ने सभी मांस, मछली एवं पोल्ट्री विक्रेताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को नियमों का पालन करते हुए किसी भी प्रकार का पशु वध एवं मांस विक्रय न करें। आदेश का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### 56 केन्द्रों में होगी अमीन भर्ती परीक्षा, पर्यवेक्षक नियुक्त

**अम्बिकापुर।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 7 दिसम्बर को आयोजित होने वाली जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 के सुव्यवस्थित संचालन, पारदर्शिता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार उड़नदस्ता दल एवं परीक्षा केंद्रवार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। पर्यवेक्षक एवं गठित उड़नदस्ता दल का प्रशिक्षण बुधवार को अपर कलेक्टर सुनील नायक की उपस्थिति में जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी रामराज सिंह तथा सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे। अपर कलेक्टर श्री नायक ने व्यापमं के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा व्यापम गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन अनिवार्य होगा। इस दौरान नोडल अधिकारी रामराज सिंह द्वारा पर्यवेक्षक एवं उड़नदस्ता दल को सौंपी गई जिम्मेदारी के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने व्यापमं द्वारा जारी गाइडलाइन, परीक्षार्थियों हेतु दिशा निर्देश के सम्बन्ध में बताया। उन्होंने बताया कि सरगुजा जिले अन्तर्गत 56 परीक्षा केन्द्रों में लगभग 18,779 अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### ऑटो पलटने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम भेडिया रूपसेरा निवासी विजय राउत आ. छठू (48 वर्ष) मंगलवार को ग्राम रेवरी किसी काम के सिलसिले में गया था। ग्राम रेवरी से विजय ऑटो से घर आ रहा था। जैसे ही चालक ऑटो लेकर लेकर विजय के घर के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गई जिससे ऑटो सवार विजय गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### ग्रामीण के घर से 30 हजार का अैवध चिरान जब्त

## सेमरसोत अभयारण्य में ग्रामीण कर रहे पेड़ों की अवैध कटाई व तस्करी



जब्त चिरान की नपाई करते वनकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कुल 0.967 घन मीटर अवैध इमारती लकड़ी जब्त

सेमरसोत अभ्यारण्य में दशकों से निवासरत ग्रामीण ही जंगल के हरे भरे पेड़ों का सफाया कर रहे है साथ ही लकड़ी की तस्करी भी कर रहे है। वन अधिकारियों ने लकड़ी तस्करी के संदेह पर ग्रामीण के घर की तलाशी ली तो भारी मात्रा में बीजा एवं साल का लट्ठा व चिरान बरामद हुआ। बरामद लट्ठे व चिरान की कीमत 30 हजार रुपए आंकी गई है।

हाल ही में सेमरसोत अभ्यारण्य अंतर्गत कंडा जंगल में शाल के चार विशाल पेड़ों को अत्याधुनिक आरा से कई टुकड़ों में काटने का खुलासा हुआ था। पहली बार हुई इस तरह कि घटना से वन अधिकारी स्तब्ध है। इस घटना के बाद वन अधिकारियों ने अब सख्ती बढ़ा दी है। सेमरसोत अभ्यारण्य अंतर्गत झलरिया बीट के पटेलपारा निवासी भागी आ. कृष्णा एवं अर्जुन आ. मानिक चंद यादव द्वारा तस्करी के लिए अपने घर में अवैध चिरान का भंडारण करने की सूचना पर वन अमले ने दोनों आरोपियों के घरों की घेराबंदी कर तलाशी ली तो भारी मात्रा में साल व बीजा का लट्ठा चिरान मिला। जब्त लकड़ी की नपाई की गई तो 3 नग लट्ठा 0.578 घन मीटर, 24 नग साल चिरान 0.236 घन मीटर एवं 39 नग बीजा चिरान 0.153 घन मीटर कुल 0.967 घन मीटर अवैध इमारती लकड़ी निकली जिसकी कीमत 30 हजार रुपए आंकी गई है। जब्त लकड़ी को वन डीपो बलरामपुर भेजा गया है। वहीं आरोपियों के विरुद्ध वन अधिनियम 1927 एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। अधीक्षक बीएस भगत ने बताया कि वनमंत्री एवं सीसीएफ वाइल्ड लाइफ के निर्देश पर अवैध गतिनिधियों में शामिल तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### बिना टीपी खैर के लट्ठे का हो रहा था परिवहन, ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पकड़ा

**बिहारपुर।** वन एवं राजस्व अधिकारियों से सांठ-गांठ कर तस्कर वैध परिवहन पास के बिना निजी स्वामित्व की भूमि से काटे गए खैर की कीमती लकड़ियों की बेखौफ तस्करी कर रहे है। बीती रात ग्रामीणों ने अवैध खैर लट्ठा लोड एक ट्रक को पकड़कर वन अधिकारियों के सुपुर्द किया है। चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के जंगलों से खैर पेड़ों को उजाड़ने के बाद अब तस्करों की नजर निजी स्वामित्व के खैर प्रजाति के पेड़ों पर लगी है। एसडीएम की अनुमति से सीमावर्ती मध्य प्रदेश के कुछ व्यापारी काफी समय से पेड़ों को काट रहे है। पेड़ों को काटने के बाद इसके अन्यत्र भंडारण एवं परिवहन के लिए वन विभाग का परिवहन पास जरुरी है लेकिन व्यापारी अधिकारियों से सांठ-गांठ कर

- सूचना पर पहुंचे रेंजर ने ग्रामीणों द्वारा हंगामा मचाने पर की जब्ती की कार्वाई



बिना परिवहन पास के ही जगह जगह खैर के लट्ठों का भंडारण एवं परिवहन कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि व्यवसायी किसान के भूमि में लगे खैर पेड़ों को काटने की अनुमति लेकर गांव के अन्य किसानों के खेतों के पेड़ों को भी काट रहे है तथा किसानों को अनुमति में भारी भरकम खर्च होने का हवाला देकर नाम मात्र की राशि दे रहे है। व्यवसायी आवश्यक अनुमति के बिना ही काटे गए लट्ठों को जगह जगह भंडारित कर रहे है तथा बिना टीपी लकड़ो को मध्यप्रदेश अंतर्गत सतना परिवहन कर रहे है। बीती रात ग्रामीणों ने खैर लट्ठा परिवहन लोड एक ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ा एवं वन, राजस्व व पुलिस अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर रेंजर पहुंचे तो ग्रामीणों ने टीपी जांच करने को कहा। चालक द्वारा टीपी नहीं दिखाने पर जब्ती की कार्वाई की गई। वन परिक्षेत्राधिकारी मेवा लाल पटेल ने बताया कि एसडीएम अनुमति से व्यवसायी द्वारा खैर पेड़ों को काटा गया है लेकिन विभाग द्वारा इसके परिवहन के लिए टीपी जारी नहीं की गई है। व्यवसायी का कहना है कि स्थल से काटी गई लकड़ी की चोरी होने के संदेह पर इसे ट्रक से अन्यत्र भंडारित करने ले जाया जा रहा था। गर्मीनों द्वारा हंगामा मचाने पर रेंजर ने जब्ती की कार्वाई की। घटना से ग्रामीण आक्रोशित है तथा निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने व्यवसायी पर उन्हें धमकाने का आरोप लगाया है।



## पिकनिक मनाने गए युवक का घर के समीप कुएं में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- परिजन ने जताई हत्या की शंका, जांच में जुटी पुलिस

पिकनिक मनाने के नाम पर घर से निकले युवक की दो दिन बाद घर के समीप स्थित कुएं में शव मिला है। मृतक अपने साथियों और स्कूली बच्चों के साथ मैनपाट गया था। युवक के लापता होने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। परिजन ने युवक के हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही मर्ग कायम किया है।

बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कुम्हरता निवासी 27 वर्षीय हरेन्द्र सिंह 23 नवंबर को कुछ स्कूली बच्चों और अपने साथियों के साथ पिकनिक मनाने के लिए मैनपाट गया हुआ था लेकिन वह वापस घर नहीं लौटा। युवक के घर नहीं आने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान यह बात सामने आई कि उसके साथियों ने मैनपाट से लौटने के बाद देर शाम को उसे गांव में ही छोड़ दिया था। युवक का सुराग नहीं मिलने पर परिजन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी जिसके बाद पुलिस मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच कर रही थी। इसी बीच 25 नवंबर की शाम मृतक का भाई घर से 150 मीटर की दूरी पर स्थित कुएं से मवेशियों के लिए पानी लेने गया था जहां उसे कुएं में एक शव नजर आया। ऐसे में उसने ग्रामीणों और पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को बाहर निकाला जिसके बाद मृतक की पहचान हरेन्द्र सिंह के रूप में की गई। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि युवक की मौत कैसे हुई लेकिन उसके चेहरे पर गंभीर चोट के निशान है ऐसे में परिजन उसकी हत्या की शंका जता रहे है। बुधवार को पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच जारी है।

## राष्ट्रपति के कार्यक्रम के बाद गांधी स्टेडियम में फिर लगी हाई मास्क लाइट

- स्टेडियम, ग्राउंड की मरम्मत का कार्य भी जारी

**अंबिकापुर।** राष्ट्रपति कार्यक्रम के बाद गांधी स्टेडियम में मरम्मत और हाई मास्क लाईट लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। मैदान के मरम्मत के साथ ही परिसर में चारों दिशाओं में लगे हाई मास्क लाईट को हाइड्रा की मदद से लगाया गया।

बता दें कि 20 नवम्बर को सरगुजा में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने शिरकत की। सरगुजा दौरे के समय राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर गांधी स्टेडियम



मैदान में उतरा था। इस दौरान गांधी स्टेडियम में एक साथ तीन हेलीपैड बनाए गए थे जबकि सुरक्षा की दृष्टि से स्टेडियम में चारों दिशाओं में लगे हाई मास्क लाईट को हटा दिया गया था। अब राष्ट्रपति के कार्यक्रम के बाद नगर निगम द्वारा गांधी स्टेडियम मैदान में लाखों रुपए की लागत से बनाए गए हेलीपैड को तोड़कर फिर से मैदान को समतल करने और मिट्टी भरने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही हाइड्रा की मदद से चारो हाई मास्क लाईट को लगाने का काम भी देर शाम तक जारी था। इस संबंध में ननि आयुक्त डीएन कश्यप ने बताया कि गांधी स्टेडियम में मरम्मत और हाई मास्क लाईट लगाने का काम जारी है।



## पूर्व डिप्टी सीएम ने एसआईआर के लिए किया डोर टू डोर जनसंपर्क

**अंबिकापुर।** मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में मतदाताओं के सहयोग के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बुधवार को अपने मतदान बूथ क्रमांक 128 से संबंधित क्षेत्र में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर प्रशासनिक तौर पर प्रचार प्रसार और जागरूकता का अभाव देख प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ ने निर्णय लिया था कि सभी वरिष्ठ नेताओं को उनके बूथ पर एसआईआर की प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। इसी तारतम्य में पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अंबिकापुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 128 में सम्पर्क किया। मतदाताओं से संपर्क के बाद उन्होंने कहा कि लगभग मतदाताओं को गणना प्रपत्र प्राप्त हो चुका है, लेकिन प्रपत्र प्राप्त होने के बाद मतदाता इसे भरने की जटिलता से जूझ रहे हैं। संपर्क के दौरान उन्होंने खुद कुछ मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को भरा। एसआईआर की इस पूरी प्रक्रिया में मतदाताओं को खुद को वैध साबित करने के भार को उन्होंने पुनः गलत बताया। उन्होंने कहा कि जब 2025 कि नवीनतम मतदाता सूची मौजूद थी तो उसपर दावा आपत्ति बुलाकर शुद्ध मतदाता सूची तैयार कर लेना था लेकिन मतदाताओं के ऊपर भार डाल दिया गया है कि वे 2003 की मतदाता सूची में अपना या अपने रिश्तेदार का नाम ढूंढ कर खुद को वैध मतदाता साबित करें। संपर्क के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, अम्बिकापुर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष विनय शर्मा सहित बूथ क्रमांक 128 से संबंधित मंडल अध्यक्ष, बीएलए और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गुरुवार श्री गुरु सिंह सभा में सजाया गया विशेष कीर्तन दीवान

## श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मना गुरु तेगबहादुर का शहीदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहादत दिवस श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस दौरान गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में विशेष कीर्तन दीवान सजाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग शामिल हुए और गुरुदारे में माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

बता दें कि गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा अंबिकापुर में सिखों के नवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे है। शहादत दिवस के अवसर पर विगत दिनों विशेष शोभा यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही



25 नवम्बर को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में एक विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। मीडिया प्रभारी जगदीप सिंह छाबड़ा (रिंकू) ने बताया कि सिखों के नवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी ने देश, धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। इसी महान शहादत की स्मृति में आज आयोजित इस विशेष कीर्तन दीवान में बड़ी संख्या में सिख समाज सहित अन्य समाजों के लोग भी उपस्थित रहे और गुरु साहिब की शहादत को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को मानवता के लिए एक प्रेरणादायी आदर्श बताते हुए उनके जीवन से सीख लेने का संदेश दिया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार गुरुचरण सिंह छाबड़ा ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की शहादत हर युग में मनुष्य को साहस, सत्य और धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देती है। विशेष कीर्तन दीवान में सचिव हर्षदीप सिंह धंजल, कोषाध्यक्ष प्रितपाल सिंह मथारू तथा नगर के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक, सिख संगत और अन्य समाजों के श्रद्धालु उपस्थित रहे।


सरगुजा संभाग के जानेमाने अधिवक्ता हमारे आदरणीय बड़े भईया श्री संजय अम्बष्ट एवं भाभी जी को
25 वीं वैवाहिक वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Anniversary
BHART group
DIRECTOR BHARAT GROUP
ARIF FIRDOUSI
ANAND COMPLEX RING ROAD AMBIKAPUR

## खबर संक्षेप




### छात्राओं को आकाशवाणी का कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अंतर्गत शासकीय कन्या उमा विद्यालय में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम टेलीकम्युनिकेशन के छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से आकाशवाणी अंबिकापुर का भ्रमण कराया गया,इस दौरान कक्षा 9 वीं,10 वीं,11वीं एवं 12 वीं छात्राएं मौजूद रहे, आकाशवाणी अंबिकापुर के वरिष्ठ अभियंता महावीर भगत एवं अभियंता अमृत कुमार मिंज प्रशिक्षण द्वारा छात्राओं को एंटीना,प्रसारण एवं रेडियो ट्रांसमिसन से संबंधित जानकारियां दी गई,उन्होंने बताया कि व्यवसाय एवं शैक्षणिक के हर पहलू में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग आम है, भ्रमण के दौरान विभिन्न तकनीकी विषयों जैसे टेलीकम्युनिकेशन, इंटरनेट,प्रसारण के विषयों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की एवं तकनीकी विषयों के महत्व को भी समझा,प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में टेलीकम्युनिकेशन के व्यावसायिक प्रशिक्षक गणेश कुमार कश्यप द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, विद्यार्थियों ने बताया कि भ्रमण से अध्ययन में नई विषयों की जानकारी मिली एवं नई तकनीक सीखने का मौका मिला।

### महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए संघर्ष जारी रहेगा



**अम्बिकापुर।** महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष व नारी उत्थान हेतु उल्लेखनीय योगदान के लिए माता बहादुर कलारिन राज्य अलंकरण सम्मान से सम्मानित समाजसेवी व अधिवक्ता शिल्पा पाण्डेय सृष्टि ने सोमवार को पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये सम्मान सरगुजा जनता को समर्पित है जिन्होंने मेरे हर अभियान को सफल बनाकर यहां तक पहुंचाने में मेरी मदद की। उन्होंने बताया कि द्वारा विगत 20 वर्षों से महिलाओं एवं किशोरियों के उत्पीड़न के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता जागरूकता एवं एड्स से बचाव कार्यक्रमों में भागीदारी तथा मानव तस्करी की शिकार बालिकाओं एवं महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों सहित नारी उत्थान के क्षेत्र में कई कार्य किये हैं। उन्हें अब तक मिले सम्मानों में जन शिक्षण संस्थान भारत सरकार द्वारा महिला उत्पीड़न एवं निवारण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मान पत्र, राज्य युवा आयोग द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु शक्ति सम्मान, तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा सर्वश्रेष्ठ नारी सम्मान 2008 सहित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए भी सम्मान प्रदान किया गया है। अपने प्रेस विमर्श में शिल्पा पांडेय ने उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि उनके द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों के उत्पीड़न के विरुद्ध व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही बड़े पैमाने पर उनके विधिक अधिकारों के प्रति उन्हे जागरूक किया जा रहा है।

## तीन सालों से बंद पड़ा है निर्माण कार्य

# राशि के अभाव में अटका एसजीजीयू के महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राशि के अभाव में संत गहिरा गुरू विवि के भवनों का निर्माण पिछले तीन सालों से अटका पड़ा है। प्रशासनिक, अकादमिक एवं आवासीय भवनों का निर्माण पूरा नहीं होने के कारण विवि का विकास अवरूद्ध हो गया है।

**खास बात**

- लोनिवि ने भेजा है 20.44 करोड़ का प्रस्ताव

एसजीजीयू के भकुरा परिसर को आबाद करने शासन द्वारा वर्ष 2018-19 में विभिन्न आवश्यक भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। स्वीकृति मिलने के बाद लोनिवि ने भवनों का निर्माण भी प्रारंभ कर दिया लेकिन बीच में ही राशि खत्म हो गई जिससे महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण आज तक पूरा नहीं हो सका।

विवि के तत्कालीन अधिकारियों ने भी कछुआ गति से चल रहे निर्माण पर ध्यान नहीं दिया। लम्बे अंतराल के बाद विवि की मुख्य कुल सचिव आवास, यूटिलिटी बिल्डिंग का निर्माण तो किसी तरह पूरा हो गया लेकिन प्रशासनिक भवन, लाइब्रेरी सहित अन्य महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो सका। इस दौरान विवि के वैकल्पिक भवन के जर्जर होने के कारण छत से पानी का रिसाव होने एवं प्लास्टर गिरने की घटनाएं होने पर तत्कालीन अधिकारियों ने अधूरे भवनों में ही आवश्यक सुधार कर कार्यालयों का संचालन करने की योजना बनाई लेकिन कई अड़चनों के कारण इसे पूरा नहीं किया जा सका। पुराने भवन में जगह की कमी होने के कारण विवि द्वारा पिछले तीन महीनों से यूटीलिटी बिल्डिंग में जैसे-तैसे प्रशासनिक कार्यालय के विभागों का संचालन किया जा रहा है। अधूरे भवनों के निर्माण के लिए लोनिवि ने पूर्व 20.44 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा था। जनप्रतिनिधियों के आश्वासन पर अधिकारी बजट में प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने की उम्मीद भी जता रहे थे लेकिन राशि की स्वीकृति नहीं मिल सकी। राशि स्वीकृति के लिए अब आगामी बजट का इंतजार किया जा रहा है।


निर्माणाधीन भवन।

### उधार के भवन में यूटीडी

एसजीजीयू द्वारा शिक्षण विभाग अंतर्गत विभिन्न सात संकायों का संचालन प्रारंभ से ही उधार के भवन में किया जा रहा है। मणिपुर कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन के एक-एक कमरे में शैक्षिक विभागों का संचालन किया जा रहा है। जगह के अभाव में इन विभागों मे शैक्षणिक वातावरण तक तैयार नहीं हो सका है। इस भवन में लैब, लाइब्रेरी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी कमी है। स्वयं का भवन अधूरा होने एवं वैकल्पिक भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण जैसे-तैसे शैक्षणिक विभागों का संचालन किया जा रहा है। भवन की समस्या होने के कारण बीच-बीच में फार्मेसी विभाग को अन्य वैकल्पिक भवनों में भी संचालित किया गया लेकिन अभी तक भवन की समस्या का निराकरण नहीं हो सका है।

### खतरनाक गड्ढे

विवि द्वारा वर्ष 2014 में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के माध्यम से एनएच 343 से विवि परिसर तक संपर्क मार्ग का निर्माण कराया गया था। भवन निर्माण प्रारंभ होने पर वाहनों का आवागमन होने के कारण सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है तथा खतरनाक गड्ढे बन गए हैं। सड़क के गड्ढों के कारण वाहन चलाना तो दूर पैदल चलने में भी परेशानी हो रही है। विवि प्रबंधन द्वारा स्वयं की जेसीबी से गड्ढों में मिट्टी पाटकर जैसे-तैसे आवागमन किया जा रहा है। परिसर के भीतर पहाड़ी को समतल कर आवागमन किया जा रहा है।

### ये भवन अधूरे

राशि के अभाव में भकुरा परिसर स्थित प्रशासनिक भवन, अकादमिक भवन, गेस्ट बिल्डिंग, पुस्तकालय, बालक छात्रावास, कर्मचारी आवास एवं कुलपति निवास भवन का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। शैक्षणिक एवं आवासीय भवनों की स्वीकृति रूसा मद से प्रदान की गई थी। रूसा का संचालन बंद होने के कारण अब इन भवनों की राशि भी राज्य शासन द्वारा ही प्रदान की जाएगी।

### जनप्रतिनिधियों ने दिए हैं आश्वासन

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने अधूरे भवनों के निर्माण के लिए अपने स्तर पर पहल करने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी चर्चा की गई है। आगामी बजट में प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू



## विधायक पोर्ते ने किया केरता शक्कर कारखाने में गन्ना खरीदी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

केरता स्थित शक्कर कारखाने में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने केन कैरियर पूजन एवं गन्ना खरीदी सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। परंपरागत पूजा-अर्चना के साथ गन्ना परिवहन वाहनों का पूजन किया गया तथा नये खरीदी सत्र की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान गन्ना किसानों की मेहनत और योगदान का विशेष सम्मान किया गया।

किसानों को साल एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि गन्ना किसान प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समृद्धि की रीढ़ हैं। किसानों के अथक परिश्रम से ही प्रदेश कृषि उत्पादन के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। इस दौरान एमडी आकाश डी पात्रे, क्षेत्र सहायक राजेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, मंडल महामंत्री अवधेश पाण्डेय, विश्वजीत सोनी, संतोष यादव, अनुराग द्विवेदी, शुभम जायसवाल, सौरभ गुप्ता, प्रतीक जायसवाल, विकास तिवारी, अनुज सिंह, रामचंद्र गुप्ता, विशाल गुप्ता, समय लाल मिश्रा, संजय मिश्रा, धनेश्वर सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## सेजेस में लगा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स विकासखण्ड राजपुर द्वारा द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 22 से 24 नवम्बर तक किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर नगर पंचायत राजपुर अध्यक्ष धरम सिंह ने बच्चों को आत्मनिर्भरता एवं अनुशासन का संदेश देते हुए कहा कि स्काउटिंग बच्चों में जीवन कौशल का विकास कर उन्हें आत्मविश्वासी बनाती है।

संघ के अध्यक्ष अरुण सोनी ने स्काउटिंग आंदोलन को चरित्र निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। डीईओ मनी राम यादव के मार्गदर्शन तथा अरविन्द गुप्ता के नेतृत्व शिविर में स्काउट्स एवं गाइड्स को अनुशासन, नेतृत्व, प्राथमिक उपचार, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, पट्टियां बांधना, घाव की ड्रेसिंग, दिशा ज्ञान, कम्पास प्रयोग, पायनियरिंग, विभिन्न प्रकार की गांठें, जीवन रक्षक डोरी, आग जलाना-बुझाना, खोज चिन्ह, सीटी व हाथ संकेत, टोली सभा व मान सभा सहित स्काउटिंग के विविध कौशल सिखाए गए। शिविर के दौरान ग्रैंड कैंप फायर में मुख्य अतिथि प्रवीण अग्रवाल, जिला प्रतिनिधि विधायक सामरी ने अपने छात्र जीवन की यादों को साझा करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करते हैं। विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद विश्वास गुप्ता ने स्काउटिंग को जीवन में अपनाने का आग्रह किया। समापन दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। बीईओ अरविन्द गुप्ता एवं प्राचार्य सेजेस गिरिश चंद्र मिश्रा द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर शिविर का औपचारिक समापन किया गया। शिविर संचालन धन्सी यादव ने किया। इस दौरान श्रीमती अमृता राजेश्वरी खलखो, श्रीमती अंजली टोप्पो, रामदास पैकरा, श्रीमती कलिस्ता बेक, फूलसाय पैकरा एवं जगजीवन राम आदि मौजूद थे।

## एसआईआर को लेकर भाजपा ने जारी की प्रभारी व सह प्रभारियों की सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




संकल्प भवन में जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की उपस्थिति में पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें एसआईआर अभियान में पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें एसआईआर अभियान को गति देने हेतु विधानसभावार युवा मोर्चा, महिला एवं किसान मोर्चा के प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की सूची जारी की गई।

युवा मोर्चा विधानसभा में अंशुल श्रीवास्तव प्रभारी, हर्ष जायसवाल, वीर सोनी, शुभम भदौरिया सह प्रभारी, विधानसभा लुण्ड्रा के लिए चंदन शुक्ला प्रभारी, अभिषेक पावले आशीष यादव, अंशुमल गर्ग सह प्रभारी, विधानसभा सीतापुर के लिए आरडी चौहान प्रभारी, अनीश यादव नरेन्द्र पैकरा, अतीश पाण्डेय सह प्रभारी बनाये गए हैं। महिला मोर्चा अम्बिकापुर के सोनू तिग्गा प्रभारी, रश्मि जायसवाल, ममता तिवारी सह प्रभारी, विधानसभा लुण्ड्रा की मीरा बैरागी प्रभारी, रूपा गुप्ता, सीमा राजवाड़े सह प्रभारी, विधानसभा सीतापुर की ललिता तिर्की प्रभारी, मुनेश्वरी पैकरा, सुनीता पैकरा सह प्रभारी बने हैं। किसान मोर्चा अम्बिकापुर के सोमनाथ सिंह प्रभारी, मनोज कुमार राजवाड़े, संतोष जायसवाल सह प्रभारी, विधानसभा लुण्ड्रा के उमाशंकर उपाध्याय प्रभारी, रघुनाथ गुप्ता, राजू पाण्डेय सह प्रभारी, विधानसभा सीतापुर के जितेश्वर पाठक प्रभारी, राजकुमार गुप्ता एवं प्रदुमन पैकरा सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी इस अभियान में पूर्ण समर्पण भाव से जुटे हैं। आगामी 27,28 एवं 29 नवम्बर को एसआईआर कार्य की समीक्षा हेतु वरिष्ठ नेता तीनों विधानसभा में तीन दिवसीय दौरा करेंगे तथा आमजन, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से भेंट करेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री विनोद हर्ष, महामंत्री अरूणा सिंह, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, एसआईआर संयोजक निलेश सिंह, सह संयोजक वैभव सिंहदेव एवं श्रवण दास, जिला संवाद प्रमुख रूपेश दुबे आदि उपस्थित थे।



## स्ट्रीट लाइट मरम्मत होने से लोगों ने ली राहत की सांस

**प्रतापपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह की पहल पर नगर पंचायत क्षेत्र में खराब स्ट्रीट लाइट के मरम्मत होने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। दो वर्ष पूर्व से ही अधिकांश स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी थी। लाइट खराब होने के कारण पूरे सड़क पर लंबे समय से अंधकार में डूबा हुआ था जिससे राहगीरों सहित लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इधर खराब स्ट्रीट लाइट के मरम्मत शुरू होने के बाद से नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह ने लगातार 5 दिनों से मौके पर खड़े होकर लाइटिंग व मरम्मत का कार्य करा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि जहां भी जनता की मांग रहेगी वहां पर लाइटिंग सहित विभिन्न कार्य किए जाएंगे इसके लिए वह स्वयं खड़े होकर व्यवस्था को दुरुस्त कर रही है। लंबे समय बात लाइट की मरम्मत होने तथा नपं अध्यक्ष के मौके पर मौजूद होकर कार्य कराने पर लोगों ने काफी सराहना की।

## एनएच की जर्जर सड़क को लेकर पूर्व जनपद सदस्य ने सीएम को लिखा पत्र

**राजपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की खराब स्थिति और निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर पूर्व जनपद सदस्य नीरज तिवारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। उन्होंने सीएम से एनएच 343 के निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही और देरी को तत्काल संज्ञान में लेने की मांग की है। उन्होंने पत्र में बताया है कि संबंधित विभाग एवं निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार को निर्देशित किया जाए कि सड़क निर्माण को शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को लंबे समय से मिल रही परेशानी से राहत मिल सके। बता दें कि हाल ही में एनएच की दुर्दशा को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। वहीं अब पूर्व जनपद सदस्य श्री तिवारी ने पत्र सीएम को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि अंबिकापुर से रामानुजगंज तक फैला राष्ट्रीय राजमार्ग 343 कई महीनों से बदहाल स्थिति में है। सड़क का नवनिर्माण कार्य ठेकेदार को सौंपा जा चुका है लेकिन कार्य समय पर प्रारंभ नहीं किया जा रहा है।



- ठेकेदार और विभाग की लापरवाही के खिलाफ संज्ञान लेने की मांग

### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक अवधेश कुमार दुबे आ.स्व. बलीराम दुबे, उम्र 69 वर्ष, निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा तदाशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक के पिता बलीराम दुबे पिता रामराज दुबे के स्वामित्व व आधिपत्य की मोहल्ला रामानुजगंज रोड़ नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट नं. 1741/2, 1742/2 रकबा 0.04 हे. भूमि है। भूधारक की मृत्यु दिनांक 26.11.2014 को हो गई है। अतः भूधारक की मृत्यु हो जाने उपरांत फौति नामांतरण के आधार पर आवेदक द्वारा स्वयं सहित भूधारक के अन्य वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु भूधारक के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12/12 / 2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/11/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 दिसम्बर , दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से शाम 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल शाम 3 बजे से 5 बजे तक

सरगुजा मार्केट

संभाग के एकमात्र डायबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
दिनांक - 7 दिसम्बर 2025, रविवार
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
डॉ.नीरज प्रसाद MS,MCH (Neurosurgery)
डॉ.भाविक शाह
डॉ.गौरव त्रिपाठी MD,DM (Cardiology)
डॉ.रोशन वर्मा MD (T.B.& Respiratory Diseases)
BLOOD BANK CENTER
30 नवम्बर 2025,माह के पांचवा रविवार को
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
दिनांक - 29 नवंबर, 2025
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 06 दिसंबर 2025, शनिवार
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना खानदानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मो. 9753266386

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.राहुल कपूर
दिनांक 26 नवम्बर 2025
सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक 23 नवम्बर 2025
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

## खबर संक्षेप

### सरगुजा कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं को दी गई उनके बूथ की जिम्मेदारी

**अम्बिकापुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने सरगुजा जिले के सभी प्रमुख कांग्रेस नेताओं को उनके बूथ पर एसआईआर की प्रक्रिया की जिम्मेदारी दी है। इसके तहत पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव अंबिकापुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 128 का कार्य देखेंगे। इसी प्रकार पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत सीतापुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 195 का कार्य देखेंगे। आदित्येश्वर शरण सिंहदेव केशवपुर में बूथ क्रमांक 28, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की बूथ क्रमांक 46, अजय अग्रवाल बूथ क्रमांक 156, जेपी श्रीवास्तव बूथ क्रमांक 87, शफी अहमद बूथ क्रमांक 111, द्वितेन्द्र मिश्रा बूथ क्रमांक 95, हेमंत सिन्हा बूथ क्रमांक 89 की जवाबदेही देखेंगे। पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम लुंड्रा विधानसभा के बूथ क्रमांक 95 और पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता बूथ क्रमांक 168 पर एसआईआर का कार्य देखेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष स्वयं अम्बिकापुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 119 का काम देखेंगे।

### हर्षोल्लास से मनाया गया श्री सत्य साई का जन्मोत्सव



**अम्बिकापुर।** श्री सत्य साईं बाबा का जन्म शताब्दी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम में सामूहिक वेदपाठ, भजन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मंगल आरती की गई। अध्यक्ष जयेश वर्मा ने बताया कि बाबा ने अपने जीवनकाल में अध्यात्म और एकता का संदेश दिया और मानव सेवा ही माधव सेवा है का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में केडी दुबे ने सत्य साई बाबा के निःशुल्क हार्ट अस्पतालों की जानकारी दी। संचालक रश्मि सैनी ने बताया कि विश्व के विभिन्न देशों में बाबा का जन्मदिन मनाया जा रहा है। इस दौरान बच्चों ने नृत्य, गायन एवं भजन की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान डॉ.वीके वर्मा, संजीव गणेशपुरकर, विजय सालुंके, प्रदीप श्रीवास्तव, जगदीश गुप्ता, शांति वर्मा, रेखा गणेशपुरकर, नूतन श्रीवास्तव, प्रीती सालुंके सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### प्रधान आरक्षक की गिरफ्तार की मांग, ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप की गिरफ़्तारी एवं बर्खास्तगी की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन एएसपी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया है कि हवलदार संतोष कश्यप एवं उसके दो साथियों द्वारा अधिवक्ता तथा सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश तिवारी, उनकी पत्नी श्रीमती संध्या तिवारी एवं पुत्र राहुल तिवारी पर सुनियोजित एवं प्राणघातक हमला किया गया था। पुलिसकर्मी द्वारा ऐसा अपराध करना न केवल विभागीय शपथ का उल्लंघन है बल्कि कानून-व्यवस्था की खुली अवहेलना भी है। समाज के लोगों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर हवलदार संतोष कश्यप की गिरफ्तारी नहीं होती, तो मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के दिन हेलीपैड पर ही ब्राह्मण समाज द्वारा बड़े पैमाने पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि संपूर्ण प्रकरण में कानून सम्मत एवं कठोर कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी।

### बास्केटबॉल संघ ने आतंकी हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**अंबिकापुर।** सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ परिवार ने बुधवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले में शहीद हुए देश के वीर सुरक्षाकर्मियों तथा निर्दोष नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ के सदस्यों, खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने मोमबत्तियाँ जलाकर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्र की सुरक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों के साहस और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि 26/11 हमले में शहीद हुए जवानों का बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। उनके पराक्रम एवं अदम्य साहस को स्मरण करते हुए सभी ने राष्ट्र की एकता, शांति एवं सुरक्षा को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अनेक खिलाड़ी, कोच, खेलप्रेमी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ परिवार ने किया।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूकता अभियान

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में बुधवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना एवं लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, नवा बिहान, सखी वन स्टॉप सेंटर और सेवा प्रदाता टीम द्वारा संयुक्त रूप से पंपलेट वितरण कर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित ग्रामीणों को सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाएं, महिला हेल्पलाइन 181, बाल हेल्पलाइन 1098, पीएमवीवाई नोनी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सुकन्या समृद्धि योजना सहित महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित कई प्रमुख योजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक समझाई गई।

---

कवि डॉ हरिवंश राय बच्चन की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति की सरस काव्य गोष्ठी

# राहों का लेते मज़ा, चलते रहिए आज मिल जाएंगी मंजिलें, बन जाएंगे काज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



काव्य गोष्ठी में शामिल कवि।

कवि-लेखक डॉ हरिवंशराय बच्चन की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति द्वारा वाटर पार्क सरगवां में लखनऊ के वरिष्ठ कवि उदयभान पांडेय 'भान' के मुख्य आतिथ्य और यादव 'विकास' की अध्यक्षता में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रहमाशंकर सिंह, पं. रामनारायण शर्मा और कवि चंद्रभूषण मिश्र कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। संचालन वरिष्ठ कवि व समिति के प्रवक्ता अजय सागर ने किया।

गोष्ठी का शुभारंभ मां वीणावादिनी की सामूहिक पूजा व गीतकार कृष्णकांत पाठक द्वारा प्रस्तुत मधुरिम सरस्वती-वंदना से हुआ। तदनंतर, बीडी लाल व एसपी जायसवाल द्वारा रचित रामायणों का भी संक्षिप्त पाठ किया गया। पं. रामनारायण शर्मा ने बताया कि डॉ. हरिवंशराय बच्चन हिंदी के बेहद लोकप्रिय कवि और लेखक थे। बचपन में इन्हें 'बच्चन' कहते थे, जिसका अर्थ बच्चा या संतान होता है। इन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी में एमए किया और केम्ब्रिज विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी के महान कवि यीट्स पर शोध कर पीएचडी पूर्ण की। वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेज़ी के प्राध्यापक रहे। बाद में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में हिंदी विशेषज्ञ तथा राज्यसभा के मनोनीत सदस्य के रूप में भी उन्होंने काम किया। इन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान के अलावा साहित्य अकादमी, सरस्वती सम्मान, कमल पुरस्कार आदि पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। शिक्षाविद् ब्रहमाशंकर सिंह ने डॉ. बच्चन की रचनाओं को कालजयी बताते हुए कहा कि सन- 1935 में प्रकाशित काव्य संग्रह 'मधुशाला' उनकी सर्वश्रेष्ठ व सर्वाधिक लोकप्रिय रचना मानी जाती है। 'दिन को होली रात दिवाली सदा मनाती मधुशाला' जैसी सच्ची दोटूक बातें कहने वाले श्री बच्चन ने कभी शराब का सेवन नहीं किया। वे जातिवाद के भी प्रबल विरोधी थे। उनकी मधुकलश काव्य संग्रह की यह कविता अत्यंत प्रेरक, जीवनदायी और अनासक्ति का संदेश देती है- जो बीत गई सो बात गई ! जीवन में एक सितारा था मानो वह बेहद प्यारा था, वह टूट गया सो टूट गया। अंबर की छाती को देखो, टूटे इसके कितने तारे, छूटे इसके कितने प्यारे। पर बोलो टूटे तारों पर कब अंबर रुदन मचाता है। जो बीत गई सो बात गई।

काव्य गोष्ठी में संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष कवयित्री माधुरी जायसवाल ने अपने काव्य में अच्छे संस्कार अपनाने का अनुरोध किया- अच्छे संस्कार अपनाइए, ये सुख की पहचान। संस्कारों से शांति मिले, नीचा हो अभिमान। कवि श्यामबिहारी पांडेय ने बच्चों पर मोबाइल के दुष्प्रभावों का जीवंत चित्रण किया- बच्चे मोबाइल देख-देख हैं सीख रहे दुनियादारी। नानी के क़िस्से भूल गए बस बात बनाना याद रहा। हैं थिरक रहे सब यहां- वहां अश्लील धुनों पर नाच रहे। लय-ताल सीखना भूल गए बस कमर हिलाना याद रहा ! कवि प्रकाश कश्यप का दर्द उनकी ग़ज़ल में छलक पड़ा- जब से वो गैरों को भाने लगे हैं, मेरे दर्द फिर गुनगुनाने लगे हैं। जब भी पुकारा तड़पकर के मैंने, मेरी चीख़ सबको तराने लगे हैं। कवि रामलाल विश्वकर्मा को पुराने दिनों का प्यार बरबस याद हो आया- उसका चेहरा दिख गया तो कुछ पुराना याद आया। मुफलिसी में इश्क़ करने का ज़माना याद आया ! गीतकवि कृष्णकांत पाठक ने अपने गीतों को अपना सर्वस्व बताया- गोपियां कृष्ण की-जैसे गीत मेरे। मेरी पहचान, धड़कन व मीत मेरे। हम रहें ना रहें पर रहेगी कलम ! झूमकर नाच उठे चांद, तारे, गगन।

गोष्ठियों में 84 वर्षीय वरिष्ठ शायर यादव 'विकास' की गज़ल ने समां बांध दिया- हादसों का पता नहीं होता, समय का चेहरा नहीं होता। दिल दुखाना गुनाह है लोगों, किसके दिल में खुदा नहीं होता ! कवयित्री अंजू पाण्डेय ने जहां जीवन की मुश्किलों का अपनी कविता में यह कहते हुए बयां किया कि- पथ कठिन हुआ पांव ने आज पथरीली राहों को जाना, जीवन का लंबा सफ़र कब सहज किसी ने माना, तो वहीं संस्था के अध्यक्ष दोहाकार मुकुन्दलाल साहू ने अपने दोहे में जीवन की राहों का आनंद उठाते रहने की अपील की- राहों का लेते मज़ा, चलते रहिए आज। मिल जाएंगी मंज़लिं, बन जाएंगे काज। वरिष्ठ गीतकार देवेन्द्रनाथ दुबे ने मन में मीत की यादों के गूंजने का ज़िक्र किया- मन की देहरी लांघ सके ना मीत तुम्हारी यादों के, मन में अब भी गूंज रहे हैं गीत तुम्हारी यादों के ! इनके अलावा कविवर चंद्रभूषण मिश्र की कविता- लम्हा-लम्हा तेरा चेहरा सामने आता है, मेरे जीने का अंदाज़ बदल जाता है, रौशनी पाठक का गीत-दुनिया के रंग निराले रे, कोई माने या ना माने, राजेन्द्र विश्वकर्मा की सरगुजिहा रचना- हमन फौजी हन संगी, देश ला बचाबो, रोशनी कार्तिक का गीत- हर पल की कीमत जान रे, समय बड़ा बलवान रे और जयश्री पाठक का नग़मा- धरती करने श्रृंगार करने मचल रहा बादल- इन सभी रचनाओं ने श्रोताओं का मन आनंद से भर दिया। अंत में लखनऊ से पधारे वरिष्ठ कवि उदयभान पांडेय 'भान' ने जीवन में कुछ अच्छे काम करने की नसीहत देते हुए कार्यक्रम का सुंदर समापन किया- कुछ काम करो ऐसा, दिल को क़रार आए।

खुशियों के फूल खिल उठें, हरसू बहार आए। कर सकता भला कौन 'भान' उसका बाल बांका, जिसको बचाने खुद ही परवरदिगार आए। इस अवसर पर लीला यादव, अनिल त्रिपाठी, नीलाक्षा पांडेय और संध्या दुबे सहित अन्य काव्य प्रेमी उपस्थित रहे।

---



## दो खलिहानों में लगी आग, 45 हजार से अधिक का पैरा स्वाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

बुधवार की सुबह विद्युत केबल में शॉट सर्किट होने से बिहारपुर थानागढ़ी निवासी किसान के पैरावट में आग लग गई वही ग्राम कोल्हुआ निवासी किसान द्वारा तापने के लिए जलाए गए अलाव की आग से भारी मात्रा में पैरा जलकर खाक हो गया।

बुधवार की सुबह 6.30 बजे थानागढ़ी पारा निवासी धनुषधारी जायसवाल के घर पास शॉट सर्किट होने के कारण विद्युत केबल से आग की लपटे निकलने लगी केबल टूट कर नीचे गिर गया। इस दौरान विद्युतवाही केबल की चपेट में आने से खलिहान में आग लग गई पैरा धू-धू कर जलने लगा। देखते ही देखते घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने केबल को हटाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली तथा किसान का 5 ट्रैक्टर से अधिक पैरा जल गया। खलिहान में आग लगने की दूसरी घटना ग्राम कोल्हुआ की है। बीती रात देववरन सिंह आ. सरदार सिंह ने बीती रात अपने खलिहान में अलाव जलाया था। परिवार के सदस्य देर रात तक अलाव तापते रहे तथा आग को बुझाए बिना सोने चले गए। इस दौरान हवा चलने के कारण अलाव की चिंगारी से खलिहान के पैरावट में आग लग गई।

भोर में 3 बजे पैरावट धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटों की तेज रोशनी से किसान की नींद खुली लेकिन तब तक आग पूरी खलिहान में फैल गई थी। ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। आग से किसान का 30 हजार रूपए का पैरा जलकर खाक बन गया है।

### शिविर में किया गया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



**अम्बिकापुर।** शिवाजी एकता मंच फाउंडेशन बौरीपारा प्राथमिक विद्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. श्रुति मिश्रा एवं डॉ. प्रवदा चतुर्वेदी गुप्ता ने बच्चों का परीक्षण किया। वर्तमान मौसम में स्वास्थ्य की देखरेख सावधानी के बारे में बताया। इस दौरान स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

---

## लेबर कोड के विरुद्ध एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में श्रमिक संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर





विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी।

एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार नए श्रम संहिताओं लेबर कोड के खिलाफ श्रमिकों ने एकजुटता से प्रदर्शन किया,संयुक्त केंद्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि आजादी के पहले और बाद के 44 श्रम कानून मजदूरों की सुरक्षा कवच थे, जिन्हें एक झटके में समाप्त कर इन चार श्रम संहिताओं को थोपा गया है।

एसकेएमएस एटक महासचिव अजय विश्वकर्मा,एचएमएस महामंत्री नाथूलाल पांडेय,एसईकेएमसी के महासचिव गोपाल नारायण और सीटू महासचिव वीएम मनोहर ने कहा कि नए कोड यूनियन को कमजोर करते हैं,कामगारों की स्थायी नौकरी पर खतरा,ओवरटाइम, सुरक्षा, वेतन और सामाजिक सुरक्षा पर गहरा आघात, उद्योगपतियों को खुली छूट,मजदूरों की पकड़ ढीली हो जाएगी।

उन्होंने इसे मजदूरों को गुलामी की ओर धकेलने वाला फैसला बताया,विरोध प्रदर्शन में श्रमिक नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार जबरन इन श्रम संहिताओं को लागू करती है, तो कोयला उद्योग के लाखों मजदूर सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करेंगे,खदानें बंद होंगी, उत्पादन रुकेगा और व्यापक हड़ताल की स्थिति बनेगी। कई खदानों के द्वारों पर मजदूरों ने काले बैनर टांगे और चारों कोड बिल की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया। श्रमिक नेताओं का कहना है कि पिछले कई वर्षों में कोयला क्षेत्र में ऐसा एकजुट और व्यापक विरोध पहली बार देखा गया,मजदूर किसी भी कीमत पर ये चार श्रम कोड स्वीकार नहीं करेंगे। खदानों में काम करने वाले श्रमिकों का कहना है कि इन संहिताओं के लागू होने से नौकरी की सुरक्षा खत्म हो जाएगी, यूनियन की ताकत न के बराबर रह जाएगी और मजदूरों की जिंदगी एक अनुबंध पर टिकी रहेगी।

### आज क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष होगा प्रदर्शन

संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय में हुई संयुक्त यूनियन की बैठक में निम्न निर्णय लिया गया कि 27 नवंबर गुरुवार की शाम 4 बजे महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एकत्रित होकर केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेवल कोड बिल का विरोध किया जाएगा,चार लेबर कोड बिल की प्रतियों को जलाया जाएगा,सभी खदानों में आज रात से ही गेट मीटिंग कर सभी कामगारों को इस हेतु जागरूक किया जाएगा,सरकार एवं प्रबंधन द्वारा चार लेबर कोड बिल को लेकर गुमराह किया जा रहा है,काला फीता लगाकर विरोध किया जाएगा।

---

## पीजी कॉलेज में शैक्षणिक लापरवाही, दबाई गई ऑटोनॉमस विभाग की 6 माह पुरानी लिखित सूचना

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की घोर लापरवाही और उदासीनता के कारण बी कॉम ऑनर्स 7वें सेमेस्टर के सैकड़ों छात्र इस समय गहरे संकट में हैं। विभाग ने छात्रों को वीएसी विषय 'कम्युनिटी इंगेजमेंट एंड सोशल रिस्पांसिबिलिटी' का प्रोजेक्ट बनाने का निर्देश मुख्य परीक्षा शुरू होने से मात्र चार दिन पहले दिया, जबकि विभाग के पास यह सूचना लिखित दस्तावेज के रूप में 6 माह पूर्व ही उपलब्ध थी।

छात्रों ने प्राचार्य को सौंपे गए शिकायत में बताया कि ऑटोनॉमस विभाग द्वारा प्रोजेक्ट वर्क की अनिवार्यता की जानकारी संबंधित दस्तावेजों के साथ वाणिज्य विभाग को लगभग छह महीने पहले ही प्रदान कर दी गई थी। इसके बावजूद विभागाध्यक्ष और विभाग ने जानबूझकर छात्रों को इस आवश्यक सूचना से वंचित रखा, जिसके कारण अब परीक्षा की तैयारी के निर्णायक समय में छात्रों पर प्रोजेक्ट का अतिरिक्त दबाव आ गया है। छात्रों की मुख्य परीक्षाएं 3 दिसंबर से प्रारंभ हो रही हैं। छात्रों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के चलते वे असमंजस में हैं कि वे परीक्षा की तैयारी करें या आनन-फानन में अनिवार्य प्रोजेक्ट को पूरा करें। छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ पर आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने छात्रों के साथ प्राचार्य से मुलाकात की और बी.कॉम विभाग की आपराधिक लापरवाही को उजागर किया। रचित मिश्रा ने प्राचार्य से कहा कि जब ऑटोनॉमस विभाग द्वारा 6 महीना पूर्व लिखित दस्तावेज में बीकॉम डिपार्टमेंट को इस बात की जानकारी दे दी गई थी कि छात्रों को 'कम्युनिटी इंगेजमेंट एंड सोशल रिस्पांसिबिलिटी' का प्रोजेक्ट बनाना है, तब भी 6 महीने तक इस बात की छात्रों को कोई भी जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने विभाग पर छात्रों को जानबूझकर गुमराह करने और सूचना से वंचित रखने का गंभीर आरोप लगाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राचार्य ने तत्काल हस्तक्षेप करने का आश्वासन दिया। प्राचार्य ने कहा कि आगे से इस प्रकार का कोई भी गलती नहीं होगा और छात्र हित में और छात्र के भविष्य के साथ कोई भी खिलवाड़ न हो, ऐसा कड़ा फैसला लिया जाएगा।। साथ ही लापरवाही के लिए जिम्मेदार पर त्वरित कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान इस दौरान नीतीश भाई पटेल, विकास, अंजलि, रवि, अमन, गुरप्रीत, श्रेयांश सहित अन्य छात्र उपस्थित थे।

### ट्रैक मेंटेनर की नाइट पैट्रोलिंग बीट का दायरा 16 से घटाकर 12 किलोमीटर किया गया



**बिश्रामपुर।** रेलवे मजदूर कांग्रेस की मांग पर बिलासपुर मंडल में ट्रैक मेंटेनर की नाइट पैट्रोलिंग बीट का दायरा 16 किलोमीटर से घटाकर अब 12 किलोमीटर कर दिया गया है,मंडल कार्मिक विभाग बिलासपुर ने 25 नवंबर को जारी पत्र में बताया कि यह व्यवस्था 1 नवंबर से लागू कर दी गई है,मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि 16 किलोमीटर बीट ट्रैक मेंटेनरों के लिए कठिन और जोखिमपूर्ण थी,संगठन ने डीआरएम बिलासपुर के साथ हुई बैठकों और पीएनएम एजेंडा 10-ए में लगातार इस मुद्दे को उठाया,21 अगस्त को हुई विशेष बैठक में रेलवे प्रशासन ने 12 किलोमीटर बीट को मंजूरी दे दी है,मजदूर कांग्रेस ने कहा कि संगठन ट्रैक मेंटेनरों के हितों के लिए लगातार संघर्षरत है।

---

## संविधान दिवस पर महिलाओं ने सामाजिक बुराइयों को खत्म करने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



नारायणपुर गांव में संविधान दिवस के अवसर पर आज़ाद वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा महिला समूह के साथ प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कई गाँवों की महिलाएं एकत्रित हुईं और देश के संविधान के प्रति सम्मान जताते हुए विभिन्न सामाजिक बुराइयों को खत्म करने की शपथ ली।

कार्यक्रम की शुरुआत संविधान दिवस के महत्व को समझाते हुए हुई फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि यह दिन हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों, समानता, न्याय और स्वतंत्रता की भावना को याद करने का अवसर है।.कार्यक्रम में विशेष रूप से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को याद किया गया, उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश को एक मजबूत दिशा दी। इस मौके पर महिलाओं ने नशा मुक्ति, बाल-विवाह रोकने, सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और संविधान की रक्षा करने की प्रतिज्ञा ली। सभी ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि जागरूकता और एकता से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा की गई। फाउंडेशन ने बताया कि जब महिलाएं शिक्षित, समर्थ और जागरूक होती हैं, तब पूरा समाज मजबूत होता है। इसी सोच के साथ फाउंडेशन लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न पहल कर रहा है। संविधान दिवस के इस अवसर पर सभी महिलाओं को फाउंडेशन द्वारा शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

---

## कांग्रेस ने किया संविधान के प्रस्तावना का पाठ



**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा द्वारा संविधान दिवस को संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाया गया।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में संविधान पर मौजूद खतरे, जांच एजेंसियों के दुरूपयोग, एसआईआर में मतदाताओं पर थोपी गई जवाबदेही और वोट चोरी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। परिचर्चा की शुरुआत से पूर्व महिला सेवादल की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। इसके उपरांत वक्ताओं ने विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। परिचर्चा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि हाल ही में सम्पन्न बिहार चुनाव ने साबित किया कि किस प्रकार से चुनाव आयोग जैसी संस्थान का कठपुतली की तरह उपयोग करते हुए चुनाव जीता गया। चुनाव में आचार संहिता का उल्लंघन कर जीविका दीदियों को मतदान के दो दिन पूर्व तक पैसे बांटे गए। सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त एपी सांडिल्य ने कहा कि आज प्रशासनिक हलकों में एक दबाव है और इस गैरवाजिब दबाव के कारण प्रशासनिक अधिकारी संवैधानिक आचरण के विरुद्ध करवाई कर रहे हैं। बुलडोजर कानून और जांच एजेंसियों के माध्यम से विपक्ष पर दबाव बनाने की करवाई को उन्होंने इसका उदाहरण बतलाया। सभा को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, दुर्गेश गुप्ता, शकीला सिद्दीकी ने भी संबोधित किया। सेवादल के जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार ने परिचर्चा का संचालन किया। इस दौरान इंद्रजीत सिंह धंजल, संध्या रवानी, अनूप मेहता, जमील खान, गुरप्रीत सिद्धू, अमित तिवारी राजा, रजनीश सिंह, सोहन जायसवाल, अमित सिन्हा, अविनाश कुमार, अमित सिंह, प्रभात रंजन सिन्हा, रोशन कन्नौजिया, चंचला सांडिल्य, अनुराधा सिंह, एंजेला केरकेट्टा, मंजू सिंह, उर्मिला विश्वास, मोमिना खातून,लुकस एक्का, केदार यादव आदि उपस्थित रहे।


सरगुजा संभाग के जानेमाने अधिवक्ता हमारे आदरणीय बड़े भईया श्री संजय अम्बष्ट एवं भाभी जी को
25 वीं वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Anniversary
द्वितेन्द्र मिश्रा
प्रदेश महासचिव
प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग.
अमित जायसवाल
अम्बिकापुर


सरगुजा संभाग के जानेमाने अधिवक्ता हमारे आदरणीय बड़े भईया एवं भाभी जी को
25 वीं वैवाहिक वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
मो.फिरोज इदरीसी अम्बिकापुर


श्री संजय अम्बष्ट जी को
25 वीं वैवाहिक वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
शिवलाल जायसवाल
अम्बिकापुर


सरगुजा संभाग के जानेमाने अधिवक्ता हमारे आदरणीय बड़े भईया श्री संजय अम्बष्ट एवं भाभी जी को
25 वीं वैवाहिक वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
HOTEL PURPLE ORCHID
मुकेश अग्रवाल
होटल पर्पल ऑर्चिड, अम्बिकापुर


सरगुजा संभाग के जाने-माने अधिवक्ता
श्री संजय अम्बष्ट जी को
25 वीं वैवाहिक वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
RITSU EV
अजय अग्रवाल
SUSHAMA AUTOMOBILES, AMBIKAPUR
Electric Scooty Showroom


सरगुजा संभाग के जानेमाने अधिवक्ता हमारे आदरणीय बड़े भईया श्री संजय अम्बष्ट एवं भाभी जी को
25 वीं वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं...
संजीव मंदिलवार
महामंत्री
जिला कांग्रेस कमेटी, सरगुजा
परवेज आलम गांधी
प्रदेश महासचिव - छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग

## खबर संक्षेप

### शराब पीकर बाइक चलाने वाले पर 15 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में न्यायालय ने चालक पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में लुंड्रा थाना पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अपाचे बाइक क्रमांक सीजी 15 इएच 3294 के वाहन चालक को रोका गया। इस दौरान चालक लुंड्रा पटोरा निवासी 23 वर्षीय धनेश्वर सिंह आ. प्रकाश सिंह शराब के नशे में धुत पाया गया जबकि वह बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहा था। इस मामले में पुलिस ने धारा 185, 3/181 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय द्वारा उपरोक्त प्रकरण में वाहन चालक को 15 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लुंड्रा आरएन पटेल, सउनि शिवचरण साहू, आरक्षक इबनुल खान, बालकेश्वर सक्रिय रहे।

### महिला ने अज्ञात कारण से घर में लगाई फांसी, मौत

अम्बिकापुर। लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम किरकेला निवासी रूकमणि वैष्णव पति कुंजल दास वैष्णव (27 वर्ष) कुछ माह पूर्व पति के साथ मजदूरी करने शहर आई थी। दंपति शहर के खालपारा में किराए का मकान लेकर मजदूरी करते थे। गत दिन पति मजदूरी करने चला गया जबकि पत्नी घर में थी। इसी दौरान पत्नी ने अज्ञात कारण से कमरे में फांसी लगा ली। महिला के फांसी लगा लेने की जानकारी मकान मालिक ने उसके पति को दी। पति सहित आसपास के लोग जब उसे फांसी से उतारे तो उसकी मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## बड़े व्यवसायियों द्वारा गोदाम में अवैध धान भंडारण का आरोप

# छोटों पर शिकंजा, बड़े हैं बेखौफ, अवैध धान कार्रवाई में प्रशासन की खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- प्रशासन की टीम ने तीन प्रतिष्ठानों में दबिश देकर जब्त की 975 बोरी धान

धान खरीदी प्रक्रिया शुरू होने के बाद से प्रतापपुर सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में कोचिया एवं राइस मिलर्स की संदिग्ध गतिविधियां शुरू हो गई है। कई जगह भारी मात्रा में धान का भंडारण करने की संभावना पर अब प्रशासन न सिर्फ सक्रिय हो गई है बल्कि अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई तेज कर दी है। इधर क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि प्रशासन सिर्फ छोटे व्यवसायी के प्रतिष्ठान पर ही कार्रवाई कर रही है जबकि क्षेत्र के बड़े व्यवसायी व कोचियों के ठिकानों में दबिश देने से बच रही है ऐसे में बड़े व्यवसायी अपने गोमादों में बेखौफ होकर अवैध धान का भंडारण कर रहे है।

धान खरीदी प्रक्रिया शुरू होने के पहले ही प्रतापपुर और सीमावर्ती इलाकों में कोचियों और राइस मिलर्स की संदिग्ध गतिविधियां तेजी से बढ़ गई हैं। अवैध भंडारण का खेल इस हद तक फैल गई है कि कई गोदामों और निजी भवनों में हजारों क्विंटल धान छिपा होने की संभावना है। जिले में अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई को लेकर अब प्रशासन पर अब सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़े राइस मिलरों और कोचियों पर हाथ डालने बच रहे है। प्रशासन छोटे किराना दुकानों और आटा चक्की संचालकों पर छापा मारकर खानापूर्ति की जा रही है। यही कार्रवाई बड़े व्यापारियों के यहां होती तो अवैध धान के असली नेटवर्क का खुलासा हो जाता। हालांकि सोमवार को प्रशासन की टीम ने दूरती और खड़गवां कला में तीन प्रतिष्ठानों पर दबिश देते हुए कुल 975 बोरी (390 क्विंटल) अवैध धान जब्त किया। प्रशासन की टीम ने दूरती स्थित किराना दुकान से संचालक विकास गुप्ता से 700 बोरी (280 क्विंटल), किराना स्टोर संचालक राजकुमार गुप्ता से 110 बोरी (44 क्विंटल) तथा खड़गवां कला में आटा चक्की संचालक भुनेश्वर चक्रधारी से 165 बोरी (66 क्विंटल) धान जब्त किया। टीम को तीनों स्थानों पर अवैध भंडारण और खरीद–फरोख्त के स्पष्ट प्रमाण मिले। तीनों संचालकों पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध धान कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा।



कार्रवाई करते अधिकारी।

### ग्रामीणों ने की कोचियों व मिलर्स के ठिकानों पर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद ही प्रशासन हरकत में आया है। प्रशासन की टीम ने जो कार्रवाई की है व छोटे व्यवसायी है। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध कारोबार पर वास्तविक अंकुश तभी लगेगा जब बड़े मिलरों और कोचियों के ठिकानों पर भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्रशासन की कार्रवाई छोटे दुकानदारों तक सीमित होकर खानापूर्ति जैसी ही दिखाई दे रही है।

### 15 से 17 रूपए किलो खरीद कर खपा रहे धान

झारखंड और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों से धान की बड़े पैमाने पर तस्करी की जा रही है। इस प्रकार की स्थिति हर साल निर्मित होती है और क्षेत्र में कोचिए सक्रिय हो जाते है। क्षेत्र में धड़ल्ले से सीमावर्ती क्षेत्रों से धान लाकर स्टॉक किया गया है। सीमावर्ती क्षेत्र से 15 से 17 रुपए किलो धान लाकर बड़े ही आसानी से मिलीभगत कर मंडियों में खपा रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासनिक टीमों के निष्क्रिय से धान तस्करी करने वाले लोगों के हौसले बुलंद है जिसका खामियाजा क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

### लगातार की जा रही छापामार कार्रवाई

क्षेत्र में जहां भी अवैध धान भंडारण की सूचना मिलती है वहां टीम गठित कर छापामार कार्रवाई की जा रही है। अब क्षेत्र में अवैध धान खपाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर

## जनरल स्टोर में भंडारित अवैध धान जब्त

**राजपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की शुरुआत होते ही बलरामपुर जिला प्रशासन अवैध धान परिवहन और भंडारण पर सख्त रुख अपनाए हुए है। कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देश पर केवल वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी सुनिश्चित करने और कोचियों-बिचौलियों पर रोक लगाने के लिए सभी निगरानी दलों, नोडल अधिकारियों तथा राजस्व अमले को सतत कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। इसी कड़ी में एसडीएम देवेंद्र प्रधान के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर व खाद्य निरीक्षक प्रशांत राजवाड़े ने अनुविभाग राजपुर के ग्राम ककना स्थित अंशिका जनरल स्टोर से अवैध रूप से भंडारित 44 बोरी धान जब्त कर उचित सुपुर्दगी की। प्रकरण में मंडी अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई जारी है। जिले में अवैध धान की आवक रोकने विशेष सतर्कता दल गठित किए गए हैं जो लगातार जांच व छापेमारी कर रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोचियों व बिचौलियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी ताकि धान खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे।



### गिरने से गंभीर वृद्ध ने अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम छिंदपारा पोडी निवासी रामजीत राम आ. स्व. सोमार साय (61 वर्ष) गत दिन शाम को पानी पीने के लिए जा रहा था तभी अचानक गिर गया जिससे मौके पर ही बेहोश हो गया। परिजन वृद्ध को तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

### इंडिया प्राइट कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अम्बष्ट का किया गया सम्मान

**अम्बिकापुर।** दिल्ली में आयोजित इंडिया प्राइट कार्यक्रम के दौरान शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अम्बष्ट का सम्मान केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया। वकालत के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने पर छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश से अपने-अपने क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने पर चयन किया गया था। इंडिया प्राइट कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली स्थित एक होटल में आयोजित किया गया जहां केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चयनित वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




